भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2474
05 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

शहरी गरीबी के आंकड़े

2474. श्री कुंवर दानिश अलीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में शहरी गरीबी संबंधी अद्यतन आंकड़े हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा शहरी गरीबी को मापने के लिए क्या मानदंड अपनाया गया है;

(ग) क्या सरकार का मानदंड में परिवर्तन करने का प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो वर्तमान मानदंड शहरी गरीबी की सही तस्वीर प्रस्तुत करने में किस हद तक सक्षम हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ): पूर्ववर्ती योजना आयोग द्वारा अपनाई गई गरीबी के आकलन की कार्य प्रणाली विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर क्षेत्र में की गई सिफारिशों पर आधारित है। गरीबी अनुमानों पर अंतिम आंकड़ा पूर्ववर्ती योजना आयोग द्वारा वर्ष 2011-12 में प्रचलित तेंदुलकर समिति की कार्य प्रणाली का अनुसरण करते हुए जारी किया गया था और 22 जुलाई 2013 में जारी प्रेस नोट के माध्यम से प्रकाशित किया गया। इस प्रैस नोट के अनुसार, देश के शहरी क्षेत्रों में गरीबी अनुपात वर्ष 2011-12 के दौरान 13.7 प्रतिशत (531.25 लाख) है। राज्य-वार सूचना अनुलग्नक-I में दी गई है।

दिनांक 05.03.2020 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2474 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

गरीबी की रेखा से नीचे रह रही शहरी जनसंख्या की राज्य-वार संख्या और प्रतिशतः 2011-12 (तेंदुलकर कार्य प्रणाली पर आधारित)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**शहरी**	
	व्यक्तियों का %	**व्यक्तियों की संख्या (लाख)**
आंध्र प्रदेश	**5.81**	**16.98**
अरुणाचल प्रदेश	**20.33**	**0.66**
असम	**20.49**	**9.21**
बिहार	**31.23**	**37.75**
छत्तीसगढ़	**24.75**	**15.22**
दिल्ली	**9.84**	**16.46**
गोवा	**4.09**	**0.38**
गुजरात	**10.14**	**26.88**
हरियाणा	**10.28**	**9.41**
हिमाचल प्रदेश	**4.33**	**0.30**
जम्मू और कश्मीर	**7.20**	**2.53**
झारखंड	**24.83**	**20.24**
कर्नाटक	**15.25**	**36.96**
केरल	**4.97**	**8.46**
मध्य प्रदेश	**21.00**	**43.10**
महाराष्ट्र	**9.12**	**47.36**
मणिपुर	**32.59**	**2.78**
मेघालय	**9.26**	**0.57**
मिजोरम	**6.36**	**0.37**
नागालैंड	**16.48**	**1.00**
ओडिशा	**17.29**	**12.39**
पंजाब	**9.24**	**9.82**
राजस्थान	**10.69**	**18.73**
सिक्किम	**3.66**	**0.06**
तमिलनाडु	**6.54**	**23.40**
त्रिपुरा	**7.42**	**0.75**

उत्तराखंड	**10.48**	**3.35**
उत्तर प्रदेश	**26.06**	**118.84**
पश्चिम बंगाल	**14.66**	**43.83**
पुडुचेरी	**6.30**	**0.55**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	**0.00**	**0.00**
चंडीगढ़	**22.31**	**2.34**
दादरा और नगर हवेली	**15.38**	**0.28**
दमन और दीव	**12.62**	**0.26**
लक्षद्वीप	**3.44**	**0.02**
सम्पूर्ण भारत	**13.70**	**531.25**

*****